दिनांक: 24.04.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

प्रदेश में दूसरे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन है। दूसरे चरण में टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाडा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा।

इससे पहले आज विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। भाजपा नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सुबह डूंगरपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इन संगठनों के लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याएं भी बताई। इसके बाद वे प्रतापगढ़ के लिए रवाना हुए। वे धमोत्तर में जनसभा में भाग ले रहे हैं। उनका केकड़ी के सरवाड़ में भी आमसभा और भीलवाड़ा में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करने का कार्यक्रम है। भाजपा नेता और कैबिनेट मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ ने बाड़मेर में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा आज चित्तौड़गढ़ में जनसभा करेंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भीलवाडा में रोड़ शो किया। वे सवाईमाधोपुर में भी रोड़ शो करेंगी। भाजपा नेता कंगना रानौत ने आज जैसलमेर में रोड़ शो में भाग लिया। वे बाड़मेर में भी प्रचार करेंगी।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने आज जालौर में रोड शो किया। उनका सिरोही में रोड़ शो और जोधपुर में जनसभा का भी कार्यक्रम है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा डूंगरपुर के कुंआ चौरासी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे। इसके अलावा वे जोधपुर के लूणावास भाकर में और बाड़मेर में चुनाव प्रचार में भाग लेंगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट सवाईमाधोपुर के चकबिलोली में पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में रोड़ शो करेंगे।

....

प्रदेश में आयोजित हो रहे मतदाता जागरुकता काय्रक्रमों के तहत केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाईमाधोपुर की ओर से आज बंधा गांव में संगोष्ठी, चित्र प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इनके माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में आवश्यक रूप से भागीदारी निभाने के लिए मतदान की शपथ भी दिलवाई गयी। झालावाड़ के झालरापाटन में वाहन रैली निकालकर मतदान का संदेश दिया गया। ये रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मिनी सचिवालय पहुंची।

....

राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों में मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने के लिए तकनीकी उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रत्येक प्रत्यारोपण के लिए डोनर और रिसीवर की यूनिक नोटो–आईडी जनरेट की जाएगी। जिसके बिना प्रत्यारोपण संभव नहीं होगा। मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण राजस्थान की समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने इस संबंध में अधिकृत राजकीय अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों और निजी अस्पतालों के प्रबंध निदेशकों को दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।

....

आज राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश में जमीनी स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव और जीवन स्तर में सुधार की दिशा में काम कर रहे लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अपने संदेश में कहा कि सशक्त और आधुनिक पंचायतें आत्मनिर्भर भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय से राष्ट्रोदय के संकल्प को सशक्ति करती ग्राम पंचायतें लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं।

....

सीकर के चक–करड मार्ग पर देर रात एक हादसे में नवविवाहित दंपति की मौत हो गई। खाचरियाबास से 3 किलोमीटर दूर ये हादसा हुआ। इसमें एक कार नील गाय को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। नव दम्पत्ती की 9 दिन पहले ही शादी हुई थी।उधर, दौसा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11ए पर देर रात हुए सड़क हादसे में पिकअप में सवार 17 लोग घायल हो गये, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इनमें से पांच गंभीर लोगों को जयपुर रैफर किया गया है। ये लोग बारात में शामिल होकर वापस अपने गांव जा रहे थे। हादसा सदर थाना क्षेत्र के जोशी की कोठी के पास पिकअप के अनियंत्रित होकर पलटने से हुआ।

....

करौली के श्री महावीर जी में चल रहे वार्षिक मेले का आज समापन होगा। दोपहर बाद भगवान जिनेंद्र की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसमें भाग लेने के लिए देशभर से श्रृद्धालु पहुंचे हैं।

....